**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.05.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**प्रधानमंत्री संबोधन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत की अटूट वचनबद्धता का उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री ने कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भारत की क्षमताओं को देख चुकी है, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आतंकवादी अब बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादी गुटों और उनके समर्थकों को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत और उसके नागरिकों पर होने वाले किसी हमले का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर– पी.ओ.के. को छोड़कर किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को अभी अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है और आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि आतंकवाद को लेकर वो क्या रवैया अपनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं है ये देश के कोटि–कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को न्याय की अखंड प्रतिज्ञा बताया।

**उड़ानें**

एयर इंडिया ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनज़र जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से प्रस्थान और आगमन करने वाली उड़ान सेवाएं आज के लिए रद्द कर दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने कहा कि स्थिति की निगरानी की जा रही है और इसके बारे में यात्रियों को तुरंत सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन से संपर्क कर सकते हैं और वेबसाइट देख सकते हैं।

**भाजपा– तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में समाज के प्रमुख सदस्यए पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

**अग्निहोत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में हरोली विधानसभा क्षेत्र के घायल दो वीर जवानों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि सिख रेजीमेंट में तैनात छेत्रा गांव के गुरनाम सिंह और बीएसएफ में तैनात बाथू गांव के ब्यास देव ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की गोलीबारी में घायल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जवानों की हर प्रकार की मदद प्रदेश सरकार और प्रशासन की ओर से की जाएगी।

## **सड़क बहाल**

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को सड़क सीमा संगठन ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात के लिए बहाल कर दिया है। गौरतलब है कि हिमपात के चलते इस मार्ग पर दिसंबर माह से वाहनों की आवाजाही बंद थी। मनाली–लेह मार्ग बहाल होने से लेह लद्दाख सीमा पर सेना की पहुंच आसान होगी।

## **कृषि**

राज्य सरकार किसानों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि किसानों को केवल एक रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रति यूनिट चार दशमलव शून्य चार रुपये की सब्सिडी वहन करेगी, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## **मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 16 मई से मौसम एक बार फिर करवट लेगा, जिसके चलते पूरे प्रदेश में आंधी व बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है।

## **इंडियन प्रीमियर लीग**

आईपीएल का 18वां सीजन 17 मई को फिर से शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कल यह घोषणा की। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आईपीएल 2025 को 9 मई को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। मोहाली और धर्मशाला में आईपीएल 2025 का कोई भी मैच नहीं खेला जाएगा।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर नमस्कार।**